## स्पीड न्यूज

### पांकी विधायक ने किया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का स्वागत



**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के पलामू पार्टी कार्यक्रम को लेकर आगमन पर पांकी विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड नीलांबर पीतांबरपुर के पुलिस जैप 8 के ग्राउंड में हेलीकॉप्टर लैंड हुआ। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने झारखंड के पुर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी को बुके देकर जोरदार स्वागत किया।

### दौड़ में पांडू के दीपक की भी मौत



**पांडू, पलामू।** प्रखंड के पंचायत डाला कलां के वृद्ध खैरा निवासी स्व राजेश पासवान का पुत्र दीपक (25) की उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में गिरकर बेहोश होने से मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि 28.08.2024 को झारखंड उत्पाद सिपाही की दौड़ में चियाकी हवाई अड्डा के मैदान में शाामिल हुआ था। 9 किमी दौड़ के बाद वह गिरकर बेहोश हो गया। पुलिस के सहयोग से उसे सदर हॉस्पिटल मेदिनीनगर में भर्ती किया गया। दो दिन इलाज के बाद सुधार नहीं होने पर उसे रांची मेदांता में बेहतर इलाज के लिए भर्ती कराया गया। सोमवार को उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे पूरे गांव में मातम का माहौल है। इस घटना से दुखित पांडू प्रमुख नीतू सिंह, डला कलां मुखिया रामबाबू यादव और सहायक अध्यापक महासंघ के प्रदेश महासचिव प्रदुम्न सिंह उर्फ सिंटू सिंह ने राज्य सरकार से मांग की है कि मृतक के परिजनों को 25 लाख मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिलनी चाहिए।

### कटैया पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दी योजनाओं की जानकारी



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत परिसर में सोमवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में सीओ मनीष सिन्हा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, बीपीएम शशि पटेल ने सरकार के विभिन्न योजनाओं की लोगों को जानकारी दी। शिविर में विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। मौके पर समाजसेवी राजेश राम, महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, अलीम अंसारी, बीपीएम संजय कुमार, विश्वनाथ विश्वकर्मा, राहुल कुमार आदि मौजूद थे।

### पीएम श्री के चयनितों को मिला प्रशिक्षण



**पाटन पलामू।** जिला शिक्षा इव प्रक्षिण संस्थान पलामू ने पांच दिवसीय पीएम श्री में चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक को प्रशिक्षण दिया। जिसमें सत्रोनत उच्च विद्यालय सिक्की कला के सहायक अध्यापक सह सहायक अध्यापक संघ पाटन प्रखंड के उपाधयक्ष सह सोन हाउस कैप्टन विजय विश्वकर्मा शामिल हुए। पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान स्टेट प्रशिक्षक डॉक्टर धीरेंद्र सिंह, श्यामलाल उरांव, देवेंद्र मिंज, दिनेश कुमार शुक्ला, नंद किशोर कुमार, मो हसने रजा डॉ अंजू कुमारी, आकाश कुमार ने बहुत अच्छे अच्छे मार्गदर्शन दिये। मौके पर शिक्षक अशोक पासवान, वीरेंद्र सिंह, संजय कुमार सिंह, देव कुमार रजक, पीएम श्री उच्च विद्यालय+2उच्च विद्यालय कोकरो हरिहरगंज ,चंदा कुमारी, देविका सिंह, रीना सिंह आदि उपस्थित थे।

### युवाओं ने लोजपा का दामन थामा



**चैनपुर पलामू।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) मेदिनीनगर इकाई का विस्तार स्थानीय त्रिपाठी इंटरनेशनल में भव्य समारोह किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन नगर अध्यक्ष शशांक सुमन ने किया। कार्यक्रम में नगर कमेटी विस्तारित करते हुए 35 वार्ड के वार्ड अध्यक्ष और नगर कमेटी में 10 लोगों को मुख्य रूप से जिम्मेवारी सौंपी गयी। मौके पर नगर अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान व प्रदेश अध्यक्ष बिरेंद्र प्रधान के कुशल नेतृत्व में झारखंड में भी इस बार लोजपा (र) अपना परचम लहराने वाली है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष लाला पासवान उपाध्यक्ष पंकज जयसवाल, धोनी मिश्रा, महासचिव राकेश जयस्वाल अजय प्रसाद अभिषेक जयस्वाल अनिकेत कुमार सचिव के रूप में अवि सिन्हा, प्रेमचंद ठाकुर, मुकेश कुमार, अंकुश पासवान राजू खान को जिम्मेवारी सौंपी गयी।

### सर्वेश्वरी समूह ने पाटन कस्तुरबा में आयोजित किया पौधरोपण कार्यक्रम



**मेदिनीनगर।** घर-घर बाड़ी घर-घर पेड़, जीवन में हो खुशियां ढेर सर्वेश्वरी वृक्षारोपण अभियान के तहत शाखा डालटनगंज के सौजन्य से पाटन के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय दुल्ही में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ डॉ अमित झा व सीओ प्रवीण सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर स्कूल की वार्डन सुषमा कुमारी ने सभी अतिथियों व समूह शाखा के पदाधिकारियों को बुके देकर स्वागत किया तो वहीं विद्यालय की बच्चियों ने सुमधुर आवाज में स्वागत गान प्रस्तुत किया। मौके पर शाखा उपाध्यक्ष प्रमोद सिन्हा ने समूह द्वारा संचालित जन-उपयोगी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। सभी अतिथियों ने श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा संचालित देशहित से जुड़े कार्यक्रमों की सराहना की।

# राज्य सरकार ने झारखंड को बर्बादी के कगार पर खड़ा किया : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में राज्य में अस्थिरता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। चारों तरफ सुरक्षा का सवाल खड़ा हो रहा है। झारखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। राज्य में बेरोजगारी की समस्या एक विकराल समस्या बनकर खड़ा हो गई है। झारखंड में शिक्षक, कर्मचारी, सफाईकर्मी, साहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायक पुलिस समेत अन्य लोग अपने हक व अधिकार व मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। झारखंड के सभी जिलों में मनरेगाकर्मी समेत अन्य कर्मचारी संगठन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जिस कारण राज्य में अस्थिरता की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। उक्त बातें झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पलामू आगमन पर परिसदन में प्रेस वार्ता कर कही।



उन्होंने कहा कि झारखंड में रोजगार के सारे अवसर बंद हो गये हैं। बालू पर रोक एवं कालाबाजारी से मेहनतकश मजदूर समेत अन्य वर्ग के लोग भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार अपनी सारे वादों पर विफल साबित हुई है जिससे झारखंड की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि मईयां सम्मान योजना से भाजपा को कोई लेना देना नहीं है। हेमंत सोरेन अपने लोग से इस पर पीआईएल दायर करवाकर जनता को गुमराह कर रही है। जिसे राज्य की जनता भलीभांति सरकार की मंशा से वाकिफ है। उन्होंने उत्पाद सिपाही बहाली पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि यह सरकार रोजगार के नाम पर मौत देने का काम कर रही है। झारखंड विधानसभा चुनाव के ठीक दो माह पूर्व उत्पाद सिपाही बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ कर युवाओं को ठगने का काम कर रही है। कारण कि किसी भी नियुक्ति प्रक्रिया में समय लगता है। इसे पूरा होते हुए राज्य में आचारसंहिता लागू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि 15 दिन पूर्व युवाओं को उत्पाद सिपाही का प्रवेश पत्र निर्गत किया गया ऐसे समय में युवा अपनी तैयारी नहीं कर पाये। आनन फानन में दौड़ प्रक्रिया में शामिल हो गये।

## मोहम्मद बिन तुगलक बनी हेमंत सरकार : अमर बाउरी

# रोजगार के नाम पर युवाओं का नरसंहार कर रही है राज्य की महागठबंधन सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वर्ष 2019 में जिन जिन वादों को लेकर हेमंत सरकार सत्तासीन हुई उन सारी वादों को भूलकर हेमंत सरकार मोहम्मद बिन तुगलक बनकर आक्रामक फरमान जारी कर राज्य के बेरोजगार युवाओं, महिलाओं, बेरोजगारों, बुजुर्गों, किसानों, मजदूरों एवं दलित शोषित पिछड़ों को छलने का काम हेमंत सोरेन की अगुवाई में महागठबंधन के कांग्रेस, राजद की सरकार कर रही है। राज्य में सुरक्षा नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। आये दिन चोरी डकैती , हत्या, लूट, दुष्कर्म की घटनाएं राज्य में बढ़ती जा रही है। प्रशासन निरंकुश हो गई है। उक्त बातें झारखंड के प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी पलामू दौरे के क्रम में प्रेस वार्ता कर कही।



**खास बातें :** उन्होंने परिसदन में प्रेस वार्ता में झारखंड राज्य में उत्पाद सिपाही की बहाली में मृत युवाओं पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस सरकार की नीयत व नियति में फर्क है। हेमंत सोरेन उत्पाद सिपाही बहाली के नाम पर युवाओं का नरसंहार करा रही है। श्री बाउरी ने कहा कि दो वर्ष पूर्व उत्पाद सिपाही बहाली की वैकेंसी निकाली गई थी । सरकार सही समय पर बहाली न लेकर चुनाव के महज दो माह पूर्व उमस भरी भादो की गर्मी में बहाली ले रही है । इस मौसम में उमस भरा गर्मी होता है इससे आमलोग भी प्रभावित होते हैं। इस माहौल में सरकार चियांकी हवाई अड्डा में राज्य के नौनीहालों को कंक्रिट पर दौड़ाकर जान ले रही है। वहीं उल्टा राज्य सरकार युवाओं पर ड्रग्स लेने का आरोप मढ़ रही है जिसे राज्य की जनता कभी माफ नहीं करेगी। फिजिकल दौड़ कराना ही था तो इसके पूर्व भी ठंड के मौसम में कराता।

# 200 यूनिट बिजली फ्री दी, पर बिजली नदारद : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने झारखंड सरकार के बिजली विभाग पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि एक तरफ सरकार 200 यूनिट बिजली फ्री कर रही है दूसरी और जले ट्रांसफार्मर कई गांव में महीनो से बदले नहीं जा रहे हैं।

प्रथम महापौर ने कहा कि या तो जनता को बेवकूफ बनाने वाली बात है। जब कई गांव में बिजली नहीं मिल रहा तो बिजली फ्री का क्या फायदा जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि रामगढ़, ओरनार, चैनपुर के ग्रामीण इलाके एवं कई ग्रामीण क्षेत्र में लोग 2/2 महीना से ट्रांसफारमर जलने के कारण अंधेरे में जीवन बसर कर रहे हैं। इस संबंध में जब एक्सक्यूटिव इंजीनियर से बात किया तो वह ट्रांसफार्मर देने से असमर्थता बता रहे हैं जिससे लोगों में काफी आक्रोश है। प्रथम महापौर ने कहा कि अगर यही स्थिति रहा तो सभी गांव वालों को लेकर मैं बिजली ऑफिस में धरना पर बैठूंगी।

**झारखंड में अंधेर नगरी चौपट राजा**



उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय नई नई कई ट्रांसफार्मर पड़े रहते थे कभी भी ट्रांसफार्मर का दिक्कत नहीं हुआ फिर अब ऐसा क्या हो गया जो सरकार मूलभूत सुविधा बिजली हेतु ट्रांसफार्मर नहीं दे पा रही है। प्रथम महापौर ने कहा कि इसी को कहते हैं अंधेर नगरी चौपट राजा। दो-तीन दिन पूर्व विद्युत नियामक आयोग द्वारा फिर से एक बार विद्युत दर बढ़ाने का पहल शुरू करने पर कही सरकार ने उपभोक्ताओं को बिना बिजली दिए सिर्फ बिजली दर बढ़ाकर अपने लॉस की भरपाई करनी चाहती है। सरकार को कोई मतलब नहीं है कि जिले में बिजली कितने घंटे मिल रही या बिजली की क्वालिटी क्या है।

## भाजपा पलामू जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न

# विस चुनाव में पलामू के पांचों सीट पर परचम लहरायेगी भाजपा : मरांडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा पलामू जिला कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पलामू में सम्पन्न हुआ। बैठक का संचालन जिला महामंत्री ज्योति पांडे ने किया। विषय प्रवेश कराते हुए जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशों का सभी अक्षरसः पालन करने का काम करेंगे। कार्यकर्ता राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत होकर समाज व देश की उन्नति के लिए दिन रात लगे रहते हैं। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हमारा ध्यान बूथ पर केंद्रित रहना चाहिए और जहां हम कमजोर हैं वहां हम सभी को मिलकर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। लोकसभा में हुई जीत कार्यकर्ताओं की जीत है। इस बार विधानसभा में पलामू की पांचों सीट पर हम जीत का परचम लहराने वाले हैं क्योंकि आज से हर जिला मंडल और बूथ स्तर तक के प्रवासी पदाधिकारी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। जो विधानसभा चुनाव होने तक वहां पूर्णकालिक बनकर प्रवास पर रहेंगे। उनके कार्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हर घर और हर कार्यकर्ता से उनका संपर्क स्थापित होगा। उत्तर प्रदेश के सड़क एवं परिवहन मंत्री एवं पलामू एवं गढ़वा के सभी विधानसभा के प्रभारी दयाशंकर सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के प्राण हैं मैं प्रभारी होने के नाते उनके सम्मान की रक्षा करूंगा कार्यकर्ताओं का सम्मान और वरिष्ठों के आदर के साथ हम आगे बढ़ेंगे।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित भाजपा नेता-कार्यकर्ता।

### आहर में डूबने से एक की मौत, दूसरा गंभीर

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के तलैया बाभंडी पंचायत के बंजारी निवासी पिता अजीम अंसारी के पुत्री नाजनी प्रवीण का राम गुलेली अहरा में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गयी। वहीं दूसरी तरफ नाजमी प्रवीण की दूसरी बहन भी साथ में नहाने के दौरान उसकी भी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। जब इसकी सूचना परिजनो को मिला तो आनन फानन में मुखिया पति अजमल अंसारी व परिजन के द्वारा निर्मला स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं एक पुत्री की मरने के दु:ख में परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हुआ है। वहीं जहां चिकित्सको के द्वारा नाजमी प्रवीण खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

### सामाजिक कार्यकर्ता ने किया फुटबॉल वितरण



**सतबरवा।** समाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने प्रखंड क्षेत्र के पोंची पंचायत के हलुमाड़ गांव में राजा मेदनीराय फुटबाल मैदान में खिलाड़ियों के बीच नेट का वितरण किया गया और खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। मौके पर आशीष सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े इसी उद्देश्य से खिलाडियों को सहयोग किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी भी खेल का अच्छा प्रदर्शन कर अपने कैरियर को बना सकें। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है। मौके पर मनोज मेहता, रामलाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सतीश सिंह, सरयु सिंह, कमेटी के अध्यक्ष सदीप सिंह, सचिव पंकज सिंह, कोषाध्यक्ष कमलेश सिंह, सदस्य पवन सिंह, राजीव रंजन सिंह, अमित मेहता, अजित मेहता, अभिषेक मेहता समेत कई लोग मौजूद थे।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा का आरंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में को स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत ग्रामीण एवं शहरी इलाके में जागरुकता हेतु स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह पखवाड़ा 1 से आरंभ होकर 15 सितंबर तक चलेगी। इस अभियान के तहत विशेष प्रार्थना सभा में प्रथम दिवस प्राचार्य द्वारा स्वच्छता जागरुकता पर छात्रों व शिक्षकों को शपथ दिलायी गयी। छात्रों द्वारा भाषण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कक्षा प्रथम से अष्टम तक के छात्रों के लिए स्वच्छता जागरुकता संदेश संबंधी चित्रकला एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। आगामी दिवसों में द्वितीय दिवस - स्वच्छता जागरुकता दिवस, तृतीय दिवस सामुदायिक आउटरीच दिवस, तीसरे दिन ग्रीन स्कूल दिवस, पंचम दिन स्वच्छता सहभागिता दिवस, छठे दिन हैंडवास दिवस, सप्तम दिवस स्वयं के शरीर का ख्याल कैसे रखें, अष्टम दिवस स्वच्छता स्कूल एग्जिविशन दिवस, नवम दिवस - स्वच्छता एक्शन प्लान दिवस व दशम दिवस - पुरस्कार वितरण दिवस का आयोजन किया जायेगा।



# पलामू को कुपोषणमुक्त जिला बनाने में सबका सहयोग जरूरी : उपायुक्त

- राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ : डीसी ने हरी झंडी दिखाकर पोषण जागरूकता रथ को किया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से समाहरणालय परिसर से रवाना किए गए पोषण जागरूकता रथ से लोगों को कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए जागरूक किया जायेगा। मौके पर उपायुक्त श्री रंजन ने कुपोषण मुक्त जिला के निर्माण हेतु आम जनों से सहयोग की अपील की। उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर काम करने की बात कही ताकि इस अभियान को सफल बनाया जा सके।



उन्होंने बताया कि पोषण माह के तहत पोषण रथ 30 दिनों तक जिले के विभिन्न प्रखंड,पंचायत व गांवों में जाकर आम जनों को जागरूक करेगा। इसके माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में होने वाले गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी जायेगी।

## रेलवे अंडरपास की समस्या को लेकर स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड पलामू।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड के नौगढ़, गवरलेटवा, छत्तरपुर सहित आधे दर्जन गावों के ग्रामीणों ने सतबहिनी रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक को एक ज्ञापन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता व समाजसेवी नंदा पासवान के नेतृत्व में सौंपा। स्टेशन प्रबंधक को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने यह जिक्र किया है कि सतबहिनी रेलवे स्टेशन से आगे नौगढ़ गांव में रेलवे का थर्ड रेल लाइन का निर्माण कार्य जारी है जहां रेलवे अंडरपास की जरूरत है। रेलवे अंडरपास नही होने से कई गावों का संपर्क टूट रहा है वही ग्रामीण जान जोखिम में डालकर प्रतिदिन रेलवे ट्रैक पार कर आते जाते रहते हैं जिससे कभी भी खतरा बना रहता है। मुख्य सड़क, पंचायत सचिवालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, विद्यालय व शवों का अंतिम संस्कार भी रेलवे ट्रैक पार कर जाना पड़ता है।



## युवक की हुई संदिग्ध मौत पुलिस जांच शुरू

**मोहम्मदगंज।** थानांतर्गत झरीवा मोहम्मदगंज गांव में महेंद्र राम के पुत्र पप्पू कुमार (37) का शव संदिग्ध परिस्थिति में उसके अपने घर से पुलिस ने जब्त किया है। शव घर के अंदर दरवाजे की सिकड़ी से लटका हुआ था, और उसकी गर्दन पैंट से बंधी हुई थी। शव के हाथ और पैर जमीन पर थे, और वह नग्न अवस्था में था, जिससे हत्या की संभावना जतायी जा रही है। घटना के समय दरवाजा अंदर से बंद था, और घर में घुसने का कोई और रास्ता नहीं था। पप्पू की पत्नी ने खुद को निर्दोष बताया है।

## दिवंगत व्यवसायी के परिजनों को फुटपाथ दुकानदार संघ ने दी आर्थिक सहायता

- हर्ट अटैक से प्रवेश साव की चली गयी थी जान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर फुटपाथ दुकानदार संघ इलाके में अपने सेवा के कार्यों से चर्चा में है। फुटपाथ दुकानदार संघ के द्वारा कुछ दिन पूर्व दिवंगत हुए फल व्यवसायी प्रवेश साव को दस हजार रुपये की आर्थिक मदद की है। फुटपाथ दुकानदारों ने संघ से जुड़े सभी दिवंगत लोगों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इस संबंध में संघ के अध्यक्ष गौतम सागर ने कहा कि ऐसा कर के परिजनों की पीड़ा को कम करने की कोशिश की जाती है, साथ ही परिजनों को संघ व्यवसाय में भी मदद करता है ताकि परिवार को आर्थिक तंगी न झेलना पड़े। वहीं संघ के संरक्षक अरविंद गुप्ता चुनमून ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर संघ से जुड़े फुटपाथ दुकानदारों को संघ यथा-संभव मदद करता है।



### उत्पाद सिपाही की दौड़ में छतरपुर के कउवल निवासी अरुण की हुई मौत, मुआवजा की मांग



**छतरपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के कउवल निवासी गिरिजा राम और उनकी पत्नी की सूनी आंखें आज भी अपने बेटे अरुण को ढूंढ़ रही है। जिसे कुछ दिन पूर्व ही चियांकी हवाई अड्डे पर उत्पाद सिपाही की बहाली के दौरान अरूण की मौत हो गयी। अरुण की मां की चीत्कार से लोगों का कलेजा दहल रहा है। यूपीएससी की तैयारी कर रहे अरुण को क्या पता कि एक सिपाही बनने के लिए उनकी जान चली जायेगी। निधन की सूचना के बाद इलाके के सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमुन मृतक के घर पंहुचे।

# विभिन्न मांगों पर सरकार विचार नहीं किया, तो जोरदार आंदोलन : रवींद्र

- फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सभागार में पलामू के फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू जिलाध्यक्ष रविंद्र पांडेय ने की। बैठक में सभी विक्रेताओं ने कहा कि यदि हमारी मांगों पर सरकार विचार नहीं करती है तो बाध्य होकर 10 सितंबर के बाद आंदोलन करेंगे। बैठक में प्रत्येक माह कमीशन का भुगतान डीलरों के खाते में करने, सर्वर की समस्या का समाधान कर 4जी ई पॉश मशीन अविलंब उपलब्ध कराने, पूर्व की भांति अनुकंपा लागू करने, तौल कांटा रिपेयर के नाम पर गीता मेटल द्वारा आर्थिक दोहन बंद करने, पूर्व का बकाया पीएमजीकेएवाइ, माह मार्च 2023 के एनएफ एसए का,चना दाल एवं ग्रीन राशन का कमीशन अविलंब भुगतान कराने, एफसी गोदाम से सही वजन में डीएसडी द्वारा राशन उपलब्ध कराने, विक्रेताओं का कमीशन तीन रूपये प्रति क्विंटल करने, प्रति क्विंटल अनाज में एक किलो सॉटेज का प्रावधान किया जाये। बैठक में प्रदेश महासचिव पारसनाथ सिंह, प्रदेश कार्यकारी सदस्य युगल किशोर तिवारी, रामरेश चौरसिया, राम लखन राम, शेषनाथ सिंह, सतीश तिवारी, विष्णु राम, प्रेम प्रकाश ठाकुर समेत सभी प्रखंड के पदाधिकारी शामिल थे।



बैठक में शामिल फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी व अन्य।

# जनकल्याण ट्रस्ट की बैठक में चैनपुर के कटुअल में मेडिकल कैंप लगाने का निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जनकल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में केंद्रीय कार्यालय एमपी भवन अघोर आश्रम सूचना में ट्रस्ट के वरीय पदाधिकारी के बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनकल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, महिला जिला प्रभारी वंदना देवी, जिला प्रभारी बंटी गुप्ता, केंद्रीय कमेटी के संगठन सचिव नंदलाल दुबे, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, वरिष्ठ सदस्य संतोष दुबे, पलामू जिला संयोजक भूपेंद्र सिंह, सदस्य अखिलेश पाठक, रीना देवी, कोषाध्यक्ष केंद्रीय कमेटी मधु देवी, पलामू जिला संचालक महिला कमेटी प्रभादेवी शामिल थे। बैठक का संचालन जिला प्रभारी वंदना देवी ने की। बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे ने कहा कि जनकल्याण ट्रस्ट आज विगत 3 वर्षों से समाज में अग्रणी भूमिका निभाने का कार्य कर रहा है। शिक्षा जगत से लेकर हर क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि चैनपुर प्रखंड पंचायत कटुवल गांव में मेडिकल कैंप का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इसके लेकर ट्रस्ट के द्वारा एक कमेटी बनाई गई है और कमेटी के मेंबर जो है वह विजिट करके रिपोर्ट कार्यालय को दें ताकि वहां पर मेडिकल कैंप कराया जा सके। कैंप को सफल बनाने में जिला पलामू संयोजक भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्य संपन्न किया जायेगा। साथ ही सम्मान समारोह का आयोजन भी इसी माह में कराया जायेगा।



जानकारी देते जनकल्याण ट्रस्ट के पदधारी।

